FACT SHEET

गोनोरिया/ सूजाक: एसटीआई फैक्ट शीट

गोनोरिया/ सूजाक क्या है?

गोनोरिया/ सूजाक एक योन संचारित संक्रमण है जो की संक्रमित व्यक्ति के साथ योनि, गुदा और ओरल सेक्स करने से पारित हो सकता है। यह गले, गुदा (नीचे), लिंग, योनि और आंखों को संक्रमित कर सकता है।

गोनोरिया एक आम यौन संचारित संक्रमण (एसटीआई) है। इसके अक्सर कोई लक्षण नहीं होते, जिसके कारण संक्रमित व्यक्ति को अपने संक्रमण का पता एसटीआई टेस्ट के ज़रिए ही पता चल पता है। बिना लक्षणों के भी यह फैल सकता है।

उचित उपचार के बिना, गोनोरिया गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकता है। इसमे निम्नलिखित शामिल है:

- पेट दर्द (श्रोणि सूजन की बीमारी)
- अंडकोष (गेंद) में दर्दनाक सूजन
- गर्भाशय के बजाए फैलोपियन ट्यूब में गर्भावस्था (अस्थानिक गर्भावस्था)
- गर्भवती होने में कठिनाई (बांझपन)।

गोनोरिया का संक्रमण कैसे हो सकता है?

गोनोरिया संक्रमित व्यक्ति के साथ योनि, गुदा या ओरल सेक्स से पारित होता है। गोनोरिया से बचाव के लिए कंडोम और/या डैम जैसी सुरक्षा का उपयोग करना एक प्रभावी तरीका है।

गोनोरिया से बचाव कैसे किया जा सकता है?

- योनि, गुदा या ओरल सेक्स के दौरान कंडोम का प्रयोग कर। कंडोम गोनोरिया को फैलने से रोकेगा। ये सुनिश्चित कर कि आप एक से अधिक साथियों के बीच और सेक्स टॉयज साझा करते समय कंडोम बदलते हैं।
- ओरल सेक्स के दौरान डैम का इस्तेमाल कर। डैम त्वचा से त्वचा के संपर्क को रोकेगा जिससे गोनोरिया को पारित होने से रोका जा सकता है।
- यदि आपको गोनोरिया हैं, तो आप ईलाज शुरू करने के बाद सात दिन तक किसी से संबंध न बनाए।
- हर 3-12 महीनों में एसटीआई और एचआईवी के लिए परीक्षण कर। यह महत्वपूर्ण है और एक स्वस्थ आत्मविश्वासी यौन जीवन का हिस्सा है।

गोनोरिया का परीक्षण कैसे किया जा सकता है?

गोनोरिया का परीक्षण युरिन सैम्पल या खुद किए गए स्वाब से किया जा सकता है। कदाचित थ्रोट स्वैब या सेल्फ कलेक्टेड एनल स्वैब भी लेने की जरूरत पड़ सकती है। यह महत्वपूर्ण है की आप एसटीआई परीक्षण कराने से 60 मिनट पहले तक शौचालय न जाए।

आप अपने स्थानीय चिकित्सक, यौन स्वास्थ्य क्लिनिक और कुछ विश्वविद्यालय स्वास्थ्य क्लीनिकों में गोनोरिया का परीक्षण करवा सकते हैं। अपने लिए निकटतम सेवा खोजने के लिए 1800 451 624 (मुफ्त कॉल) पर Sexual Health Infolink को कॉल कर सकते हैं।

गोनोरिया और अन्य एसटीआई के लिए परीक्षण पीड़ा पूर्ण नहीं है। एसटीआई परीक्षण आसान एवं गोपनीय हैं और इसमें शर्म की कोई बात नहीं है।

यदि आपका गोनोरिया टेस्ट पाज़िटिव आता है तो आपको अपने साथियों को बताना अनिवार्य है ताकि वे भी परीक्षण और उपचार करवा सकें। यदि आपको अपने साथियों से संपर्क करने में सहायता की आवश्यकता है तो अपने डॉक्टर से पूछें, Let Them Know पर जाएं या 1800 451 624 (मुफ्त कॉल) पर Sexual Health Infolink को कॉल कर।

FACT SHEET

गोनोरिया/ सूजाक: एसटीआई फैक्ट शीट

गोनोरिया का ईलाज क्या है?

गोनोरिया का ईलाज आपके डॉक्टर या नर्स द्वारा एंटीबायोटिक दवाओं (एक इंजेक्शन और टैबलेट) के साथ किया जा सकता है।

यदि आपको गोनोरिया है, तो उपचार शुरू करने के सात दिन बाद तक किसी के साथ यौन संबंध न बनाएं। संबंध बनाने से पहले यह सुनिश्चित करें की आपके सभी लक्षण चले गए हैं और आपके साथियों का परीक्षण नेगटिव है या उनका भी इलाज किया जा रहा हो। उपचार के बाद 3 महीने में एक और परीक्षण करना महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे यह सुनिश्चित किया जा सकता है की आपको फिर से संक्रमण नहीं हुआ है।

गोनोरिया और अन्य एसटीआई के बारे में और जानकारी कहाँ मिल सकती है?

गोनोरिया, अन्य एसटीआई और अपने यौन स्वास्थ्य के बारे में जानकारी और समर्थन के लिए, आप विशेषज्ञ यौन स्वास्थ्य नर्स से बात करने के लिए 1800 451 624 (मुफ्त कॉल) Sexual Health Infolink को कॉल कर सकते हैं। यह मुफ़्त, गोपनीय और गैर-न्यायिक है। आप e International Student Health Hub भी जा सकते हैं।

आपको स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं या जानकारी प्राप्त करने के लिए दूभाषिये की आवश्यकता है तो आप Translating and Interpreting Service को 131 450 पर संपर्क करें।

Scan the QR code to find out more about gonorrhoea and STIs